15. दिन और महीने

बच्चों को बताएँ कि एक सप्ताह में सात दिन होते हैं और एक वर्ष में बारह महीने होते हैं। पहले बच्चों से दिनों तथा महीनों के नाम बताने को कहें। तदुपरांत शिक्षक/शिक्षिका पृष्ठ 54 पर दी गई दिनों की कविता पढ़ें और अपने साथ-साथ बच्चों से बुलवाएँ। फिर इसी प्रकार महीनों के नामों की कविता पृष्ठ 55 का भी अभ्यास करवाएँ।

शिक्षण-संकेत

- ❖ बीच-बीच में दिनों-महीनों के नामों का क्रम आगे-पीछे करके भी बच्चों से सही क्रम जानने का प्रयास करें।
- ❖ बातचीत करें, वे रविवार के दिन क्या-क्या करते हैं? उनका जन्मदिन किस महीने में आता है? आदि प्रश्नों द्वारा बच्चों की रोचकता को बढ़ाने का प्रयास करें।
- ❖ वर्ष के कुछ विशेष दिनों के बारे में बच्चों को बताएँ। पूछें, स्वतंत्रता दिवस किस दिन मनाया जाता है, क्रिसमस की क्या तारीख होती है आदि प्रश्नों द्वारा बच्चों की जानकारी को बढ़ाने का प्रयास करें।
- ❖ पाठ का अभ्यास करवाने में यथोचित सहयोग करें।